# पूर्वोत्तर कोलफील्डों में विकास क्रियाकलाप

12.1 पूर्वोत्तर क्षेत्र में कोल इंडिया लि. की खनन गतिविधियां मुख्य रूप से असम के माकुम कोलफील्ड्स में है, इस समय 4 खानें प्रचालनरत हैं। ये तिराप, तिकाक, लीडो, तिपांग हैं। इनमें से तिराप तिकाक और लीडो ओपनकास्ट खान परियोजनाएं हैं जबकि तिपांग, भूमिगत खान है।

पूर्वोत्तर कोलफील्डों में ओपनकास्ट खानों में 5 प्रमुख आउटसोर्सिंग पेचेज हैं ये हैं:– तिराप (ईस्ट), तिराप (वेस्ट), तिकाक (ईस्ट), तिकाक (ओसीएम) तथा लिडो (ओसीपी)। एनईसी की ओपनकास्ट खानों का समूचा कोयला उत्पादन आउटसोर्स से किया जा रहा है। लिडो ओपनकास्ट परियोजना वित्त वर्ष 2008–09 में शुरू की गई थी। एनईसी में उत्पादन यद्यपि 1987–88 में 10 लाख टन से धीरे–धीरे गिरकर 1999–2000 में 5.72 लाख टन हो गई थी, वर्ष 2006–07 के बाद से निम्नलिखित तालिका के अनुसार इसकी स्थिति में पुनः सुधार होता गया। तथापि, निविदा प्रक्रिया में विलंब तथा नए ठेका को अंतिम रूप नहीं दिए जाने के कारण वित्त वर्ष 2011–12 तथा 2012–13 में उत्पादन क्रमशः 6.02 लाख टन तथा 6.05 लाख टन हो गया था।

**(आंकड़े लाख टन में)**

<table>
<tr><th rowspan="2">वर्ष</th><th rowspan="2">2008-09</th><th rowspan="2">2009-10</th><th rowspan="2">2010-11</th><th rowspan="2">2011-12</th><th colspan="2">2012-13</th><th rowspan="2">2013-14</th></tr>
<tr><th>01.01.2013</th><th>31.03.2013</th></tr>
<tr><td rowspan="2">एनईसी का कोयला उत्पादन</td><td rowspan="2">10.09</td><td rowspan="2">11.13</td><td rowspan="2">11.00</td><td rowspan="2">6.02</td><td>3.75</td><td>2.30</td><td rowspan="2">6.64</td></tr>
<tr><td colspan="2">6.05</td></tr>
</table>

वर्ष 2013–14 में 6.64 लाख टन कोयले का उत्पादन हुआ है तथा इस अवधि के दौरान 5 पैचों में से मात्र 3 पैचों में 31.12.2013 तक एनईसी में कोयला का उत्पादन हो रहा था। तिकाक कोलियरी के 2 पैचों में 10.01.2013 को तिकाक वेस्ट पैच में दुर्घटना होने के कारण 10.01.2013 से उत्पादन ठप हो गया था। इन परिस्थितियों के कारण अप्रैल, 2013 से दिसम्बर, 2013 की अवधि के दौरान निर्धारित उत्पादन तथा प्रेषण लक्ष्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तथापि दोनों पैचों अर्थात तिकाक कोलियरी का तिकाक (ईस्ट), तिकाक (ओसीएम) में निविदा औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। स्वीकृति पत्र (एलओए) ठेकेदारों को 16.12.2013 को जारी कर दिए गए हैं। तिकाक (ईस्ट) ने 31.01.2014 से कोयला उत्पादन आरंभ कर दिया है तथा दूसरी तरफ तिकाक (वेस्ट) ने 12.02.2014 से कोयला उत्पादन शुरू किया है। तिपांग कोलियरी (यूजी खान) ने 2013–14 के दौरान ही विकास कार्यों के द्वारा कोयला का उत्पादन किया है क्योंकि डीजीएमएस द्वारा तिपांग कोलियरी में डी–पिल्लरिंग की अनुमति नहीं ली गई थी।

## 12.2 एनइसी का कार्य निष्पादन (01.01.2013 से 31.03.2013)

(वास्तविक आंकड़े)

| 1 | कोयला उत्पादन | यूनिट | मात्रा |
|---|---|---|---|
| | i) भूमिगत | लाख टन | 0.008 |
| | ii) ओपनकास्ट | " | 2.288 |
| | कुल | " | 2.296 |
| 2 | ओ.एम.एस. | | |
| | i) भूमिगत | टन | 0.01 |
| | ii) ओपनकास्ट | " | 5.95 |
| | iii) समग्र | " | 2.08 |
| 3 | कोयला प्रेषण / उठान | | |
| | i) प्रेषण | लाख टन | 2.06 |
| | ii) घरेलू खपत | " | - |
| | iii) उठान | " | 2.06 |
| 4 | 31.12.2013 की स्थिति के अनुसार पिट हेड कोयला स्टॉक | " | 0.82 |
| 5 | खानों की संख्या | कार्यशील | 03 |

## 12.3 एनईसी का कार्य–निष्पादन (01.04.2013 से 31.03.2014)

(वास्तविक आंकड़े)

| 1 | कोयला उत्पादन | यूनिट | मात्रा |
|---|---|---|---|
| | i) भूमिगत | लाख टन | 0.03 |
| | ii) ओपनकास्ट | " | 6.61 |
| | कुल | " | 6.64 |
| 2 | ओ.एम.एस. | | |
| | i) भूमिगत | लाख | 0.03 |
| | ii) ओपनकास्ट | " | 13.28 |
| | iii) समग्र | " | 4.84 |
| 3 | कोयला प्रेषण / उठान | | |
| | i) प्रेषण | लाख टन | 5.76 |
| | ii) घरेलू खपत | " | - |
| | iii) उठान | " | 5.76 |
| 4 | 31.03.2014 की स्थिति के अनुसार पिट हेड कोयला स्टॉक | " | 1.73 |
| 5 | खानों की संख्या | कार्यशील | 04 |

## 12.4 पिछले पांच वर्षों के दौरान एनईसी का कार्य–निष्पादन

यद्यपि एनईसी विगत में कुछ वर्षों को छोड़कर भारी नुकसान में चल रही थी, यह वर्ष 2005–06 से समग्र लाभ (यूजी कोलियरियां अभी भी घाटे में हैं) अर्जित कर रही है। पिछले पांच वर्षों तथा 2013–14 की लाभप्रदता निम्नलिखित तालिका में दर्शायी गयी है:

**पिछले पांच वर्षों की लाभप्रदता**

( ₹ लाख में)

| खान | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिपोंग (यूजी)* | (-) 6057.98 | (-) 5130.20 | (-) 5749.98 | (-) 5872.69 | (-) 6011.03 | (-) 5279.12 |
| जेडो (यूजी)* | (-) 3048.06 | (-) 2190.07 | (-) 2217.47 | (-) 2191.70 | (-) 1688.24 | (-) 1464.79 |
| बोरागोलाई (यूजी)* | (-) 5522.19 | (-) 3875.20 | (-) 3838.58 | (-) 3201.22 | (-) 3493.09 | (-) 2934.05 |
| जेयपोर (यूजी)* | (-) 75.11 | (-) 54.78 | (-) 54.82 | (-) 91.44 | (-) 110.73 | (-) 122.02 |
| तिराप (ओसी)* | (+) 11230.30 | (+)15212.75 | (+) 14883.02 | (+) 11070.77 | (+) 6423.05 | (+) 10718.88 |
| तिकाक (ओसी)* | (+) 7483.34 | (+)11588.32 | (+) 10743.80 | (+) 15149.79 | (+) 5947.83 | (+)1.78 |
| लेडो ओसीपी | -- | (+) 2082.38 | (+) 2409.34 | (+) 6343.88 | (+) 4831.36 | (+) 2306.24 |
| सर्विस यूनिट | | | | | **(+) 674.09** | (+) **31.20** |
| **कुल एनईसी** | **(+) 4010.30** | **(+)17633.20** | **(+) 16175.31** | **(+) 21207.39** | **(+) 6573.23** | **(+) 3258.12** |

* यद्यपि प्रचालन स्थगित कर दिया गया है, तथापि वेतन मजदूरी और स्थापना रख–रखाव के लिए बिजली की लागत पर व्यय हो रहा है।

## 12.5 एनईसी का उत्पादन कार्यक्रम

एनईसी में इस समय कुल मिलाकर चार (4) विद्यमान कार्यशील खाने हैं, चार खानों में से 3 ओपनकास्ट खाने और एक भूमिगत खान है तथा इन चार खानों से प्रत्येक वर्ष लगभग 1.1 मिलियन टन कोयले का उत्पादन होता है। किन्तु इस वित्त वर्ष अर्थात 2013–14 के लिए कोयला उत्पादन में प्रमुख योगदान मुख्य रूप से ओपनकास्ट खानों अर्थात तिराप ओपनकास्ट खान, तिकाक ओपनकास्ट खान और लीडो ओपनकास्ट खान (वित्त–वर्ष 2008–09 में आरंभ हुई) से प्राप्त हुआ है। वर्ष 2013–14 के दौरान 6.63 लाख टन का कोयला उत्पादन हुआ।

तथापि, यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि दिनांक 10.01.2013 को तिकाक पश्चिम पैच में एक अप्रिय घटना घटी थी । मैसर्स ब्रह्मपुत्र इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के 4(चार) व्यक्तियों अर्थात (आउटसोर्स ठेकेदार के कामगार व पर्यवेक्षक)का अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा दिन–दहाड़े अपहरण कर लिया गया था । यद्यपि उन्हें अगले दिन रिहा कर दिया गया था, सभी कामगारों में डर और भय पैदा हो गया और इस कारण 10.01.2013 से 27.01.2013 तक सभी आउटसोर्सिंग ठेकेदारों द्वारा कुल उत्पादन पूरी तरह रोक दिया गया । यद्यपि, ओबीआर एवं कोयले का उत्पादन 27.01.2013 से तिराप और लीडो कोलियरजी में पुनः शुरू हो गया। परन्तु तिकाक कोलियरी को ठेका प्रबंधन द्वारा बंद कर दिया गया था। इस स्थिति का एनईसी के निर्धारित उत्पादन तथा प्रेषण लक्ष्य पर विपरीत

प्रभाव पड़ा।

तथापि, दोनों पैचों अर्थात तिकाक कोलियरी का तिकाक पूर्व एवं तिकाक ओसीएम में नई निविदा प्रक्रिया पूरी हो गई है। ठेकेदारों को 16.12.2013 को एलओए जारी कर दिए गए हैं तथा क्रमशः 9.01.2014 और 13.01.2014 को कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं।

इसके अलावा, एनईसी ने 7 नई परियोजनाओं की पहचान की है जो निर्माण के विभिन्न् चरणों में है (जिसमें से लीडो ओसीपी ने वित्त वर्ष 2008–09 से कोयले का उत्पादन आरंभ कर दिया है)। नई परियोजना से कोयला उत्पादन 12वीं योजना के दौरान आरंभ होने की संभावना है। इन खानों से उत्पादन का कार्यघ्म निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:–

**12वीं योजना के दौरान नयी परियोजनाओं से एनईसी का उत्पादन कार्यक्रम**

**(आंकड़े मि.टन में)**

| परियोजना खान का नाम | XIIवीं योजना | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2012-13 वास्तविक | 2013-14 वास्तविक | 2014-15 (अनुमानित) | 2015-16 (अनुमानित) | 2016-17 (अनुमानित) |
| लेडो मैकेनिकल ओसीपी | 0.13 | 0.097 | 0.15 | 0.15 | 0.15 |
| लेखापनी ओसीपी* | -- | -- | 0.22 | 0.25 | 0.25 |
| तिराप फेस II* | -- | -- | - | 0.05 | 0.20 |
| तिकाक विस्तार* | -- | -- | 0.24 | 0.24 | 0.25 |
| पीक्यू ब्लॉक | -- | -- | -- | -- | -- |
| तिपॉग ओपीसी | -- | -- | -- | -- | -- |
| तिकाक एकीकृत ओपीसी | -- | -- | -- | -- | -- |
| **कुल** | **0.13** | **0.097** | **0.61** | **0.69** | **0.85** |

* एमओईएफ, नई दिल्ली से पर्यावरण एवं वन स्वीकृति के अध्यधीन है।